तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 30 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 कालीघाट की सड़क मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम




**खबर संक्षेप**

### सोमवार को स्थगित किया गया जनदर्शन

सूरजपुर। 31 मार्च सोमवार को ईद-उल-फितर (ईद) का पर्व है। इस कारण 31 मार्च सोमवार को आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन अवकाश के चलते स्थगित किया गया है। 31 मार्च के पश्चात आगामी सोमवार से कलेक्टर जनदर्शन अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार आयोजित होगा।



**रमज़ान मुबारक**

**उन्तीसवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.15 बजे

कल की सेहरी - 4.27 बजे

## देवी मंदिरों की भव्य सजावट, घर-घर में होगी देवी की आराधना

# देवी मंदिरों में आज जगमगाएंगे आस्था के ज्योत, शुरु होगा हिन्दू नव संवत्सर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को चैत्र नवरात्र के साथ ही हिन्दू नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। सनातन काल से हिन्दू नव संवत्सर की शुरुआत देवी की अराधना से करने की परंपरा है। देवी की अराधना रविवार को कलश स्थापना एवं अखण्ड कलश ज्योति प्रज्वलित कर की जाएगी।

हिन्दू नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्र को लेकर सरगुजा सहित सभी देवी मंदिरों की भव्य सजावट की गई है। नवरात्र में महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों हर दिन पूजा अर्चना करने भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। जिसको लेकर मंदिर समितियों द्वारा खास व्यवस्था की गई है। महामाया मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालु पहुंचते जिसको लेकर छाया की व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा भी महामाया मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में पार्किंग एवं सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। चैत्र नवरात्र के दौरान सभी देवी मंदिरों में देवी की अराधना के लिए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। रविवार को शुभ मुहूर्त में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ किया जाएगा। चैत्र नवरात्र में राम मंदिर में हर साल विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होते है तथा नवमी पर भगवान राम का प्रकटोत्सव मनाया जाता है। इस बार राम मंदिर समिति द्वारा सुबह आरती पश्चात रामायण पाठ एवं शाम राम कथा में कथा का आयोजन किया गया है। वृंदावन के व्यास मनमोहन पाण्डेय एवं मेंड्राकला के आचार्य दिनेश मिश्र हर दिन शाम 7 बजे से राम कथा की प्रस्तुति देंगे। राम मंदिर में सुबह -शाम आरती के उपरांत देवी की खट्ग आरती की जाएगी। शहर के दुर्गा मंदिर, सांडबार स्थित वनदेवी मंदिर, गायत्री मंदिर, सर्वेश्वरी समूह मंदिर, गांधी नगर दुर्गा बाड़ी, बाबूपारा, लुचकी घाट एवं चोपड़ापारा स्थित काली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों की भव्य सजावट की गई है। सभी देवी मंदिरों में रविवार को कलश स्थापित कर ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। देवी मंदिरों के साथ ही घरों में भी कलश स्थापित कर देवी की अराधना प्रारंभ की जाएगी।



मां महामाया मंदिर।



अखण्ड ज्योति कलश

### प्रज्वलित होंगे अखण्ड दीप

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिर में पूजा उपरांत शुभ मुहूर्त में अखंड दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। शनिवार की शाम तक महामाया मंदिर में धृत ज्योति कलश के लिए 1700 एवं तेल ज्योति के लिए 3500 श्रद्धालुओं ने निर्धारित शुल्क का भुगतान किया है। अभी अन्य श्रद्धालुओं द्वारा शुल्क भुगतान करने के कारण ज्योति कलश की संख्या में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। दुर्गा मंदिर में अखण्ड ज्योति कलश के लिए 3000 हजार श्रद्धालुओं ने शुल्क का भुगतान किया है। अन्य देवी ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कि जाएंगे।

### शुभ मुहूर्त सुबह 6.13 बजे

पं. दिनेश मिश्र ने बताया कि रविवार से सिद्धार्थ नामक संवत्सर प्रारंभ हो रहा है। नव संवत्सर के राजा एवं मंत्री सूर्य देव है। जो भारत को विश्व में विशेष प्रतिष्ठा प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि कलश स्थापना के लिए भी लग्न के शुभ मुहूर्त सुबह 6.13 से 10.22 बजे तक एवं अभिगित मुहूर्त में मिथुन लग्न का मुहुर्त दोपहर 12.01 से 12.50 बजे तक है।

### 8 दिन की होगी नवरात्रि

पं. दिनेश मिश्र ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि 8 दिवस की होगी। चतुर्थी एवं पंचमी एक ही दिन होने के कारण एक तिथि का क्षय हो रहा है। चतुर्थी एवं पंचमी 2 अप्रैल को पड़ रही है। वहीं महानवमी की पूजा 6 अप्रैल को की जाएगी। इस दिन भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा तथा नवरात्र का हवन किया जाएगा। चैत्र नवरात्र का पारण दशमी तिथि पर 7 अप्रैल को किया जाएगा।



# सगाई में शामिल होने आई महिला की कुएं में गिरकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सगाई कार्यक्रम की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब कार्यक्रम में शामिल होने आई बहन और उसका मासूम बच्चा एक हादसे का शिकार हो गए। कार्यक्रम स्थल के बाहर मौजूद खेत में बने कुएं में गिरने से महिला की मौत हो गई जबकि बच्चे को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

▪ खेत में बने कुएं में गिरे मां-बेटे, मासूम की बचाई गई जान, मातम में बदली सगाई की खुशियां

बताया जा रहा है कि 23 वर्षीया आरती साहू पति शिव कुमार बसदेई के ग्राम जूर में अपने भाई के सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई हुई थी। समारोह के दौरान वह किसी काम से बाहर निकली थी और खेत में मौजूद कुआं के पास चली गई। खेत की जमीन और कुआं एक बराबर थे इस लिए महिला को कुआं का अंदाजा नहीं लगा और वह अपने दो वर्षीय मासूम बच्चे के साथ पानी में गिर गई। कुछ देर बाद जब परिजन ने महिला और बच्चे को कार्यक्रम में नहीं देखा तो उनकी खोजबीन शुरू हुई। इस दौरान कुआं में झांकने पर उन्हें बच्चा नजर आया जिसके बाद आनन फानन में रस्सी व अन्य साधनों से बच्चे को बाहर निकाला गया लेकिन उन्हें महिला नजर नहीं आई। कुछ समय बाद ग्रामीणों को जब महिला का कोई पता नहीं चला तो उन्होंने कुएं में उतरकर देखा तो महिला पानी में डूबी हुई थी। किसी तरह महिला को बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना के बाद सगाई कार्यक्रम की खुशियां मातम में बदल गई। घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस डरा घटना की जांच की जा रही है।



# थार व कार के बीच भिड़ंत, चालक के साथ जमकर की गई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार की रात शहर के रिंग रोड शिवधारी कॉलोनी के समीप थार और कार के बीच जोरदार भिडंत के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। थार की टक्कर के बाद बाल बाल बचे युवकों के चालक की बेदम पिटाई कर दी। कार सवार युवकों ने थार चालक के साथ जमकर मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान मारपीट की घटना का स्थानीय लोगों ने वीडियो बना लिया। घटना से जुदा वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस द्वारा घायल थार चालक की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

▪ घटना से जुड़ा वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बताया जा रहा है कि सूरजपुर निवासी संजय सिंह अपनी थार वाहन से बंगाली चौक की ओर जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही वे रिंग रोड शिवधारी कालोनी मोड़ के समीप पहुंचे एक कार शिवधारी कालोनी की तरह जाने के लिए मुड गई। थार की रफ्तार तेज होने के कारण चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और तेज रफ्तार थार व कार के बीच जोरदार भिडंत हो गई। टक्कर के बाद कार के एयरबैग खुल गए। टक्कर के बाद कार घूम गई और मोमोज खा रहे युवकों की बाइक से टकरा गई। इस घटना के बाद कार सवार युवकों ने बाहर निकलकर थार चालक संजय सिंह को पकड़ लिया और उनकी बेदम पिटाई कर दी। कार सवार युवक संजय सिंह के साथ लगभग 20 मिनट से अधिक समय तक मारपीट करते रहे जिससे वह लहू लुहान हो गया। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई लेकिन किसी ने भी बीच बचाव का प्रयास नहीं किया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल संजय सिंह को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इसके साथ ही मामले में पुलिस ने वसीम और मोनू कुरैशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस सम्बन्ध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया गया है और जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




29 Ambikapur-pg 2-0_Layout 1 3/29/2025 10:10 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद स्पर्धा में सूरजपुर ने लहराया परचम

**सूरजपुर**। राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में सूरजपुर जिले का परचम लहराया, आईफा खातून का चयन नेशनल लेवल के लिए हुआ। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित समारोह में शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय की पूर्व छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संसद में आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा संसद राष्ट्रीय महोत्सव के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर छत्तीसगढ़ के युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगी और अपने विचार संसद में रखेंगी। प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे, एनएसएस जिला संगठक चन्द्र भूषण मिश्र एवं महाविद्यालय परिवार ने छात्रा की सराहना की।

### महिला सशक्तिकरण एवं समाज सेवा सम्मान से रूपा सम्मानित



**अम्बिकापुर**। फियोना कैपिटल सर्विसेज के तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह में मनेद्रगढ़ की समाज सेविका रूपा पोद्दार को हिंदी साहित्य भारती समाज सेवा प्रकोष्ठ जिला एमसीबी द्वारा महिला सशक्तिकरण के तहत प्रतिवर्ष दिए जाने वाला समाज सेवा सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी विष्णु अग्रवाल, डॉ. मोहनलाल, हरि परमार,अभय त्रिपाठी, पवन अग्रवाल, प्रतीक सक्सेना, राहुल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, अध्यक्ष अग्रवाल महिला सभा श्रीमती उमा अग्रवाल, मुक्ति तायल, रघुवीर सिंह छाबड़ा, नरेंद्र सिंह भामरा, उमेश जायसवाल, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती आशा गुप्ता, कमलेश सोनी, सतीश उपाध्याय उपस्थित थे।

### तारपीन तेल पीने से 6 साल के बच्ची की मौत

**अंबिकापुर**। घर में रखे तारपीन तेल को पीने से मासूम बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को गंभीर हालत में उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां ईलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम राजापुर निवासी अर्जुन चक्रधारी द्वारा घर में रंग रोगन के लिए पेंट सामग्री लाकर रखा गया था। इसी दौरान घर में मौजूद अर्जुन चक्रधारी की 6 वर्ष की बच्ची वंशिता चक्रधारी नेबी भोर के लगभग 5.30 बजे खेलते समय घर में पेंट हेतु लाकर रखे गये तारपीन तेल को पी लिया। तारपीन तेल पीने से बच्ची की हालत बिगड़ गई जिसके बाद उसे परिजन द्वारा उपचार हेतु सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। इस घटना के माता पिता सदमें में है वहीं क्षेत्र में शोक का माहौल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### घर के सामने से बाइक चोरी दो आरोपी गिरफ्तार



**अम्बिकापुर**। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवकों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में 2 युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार मूलतः रायगढ़ कोंतरा निवासी मुकेश चौधरी सीतापुर कॉलेज रोड में रहता है। युवक 7 मार्च को अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 13 एएक्स 4805 से ग्राम सुर गया था और बाइक को घर के बाहर खड़ी कर सोने चला गया। रात लगभग 11 बजे वह बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी। ऐसे में खोजबीन के बाद युवक ने 8 मार्च को मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद जांच के दौरान पुलिस ने जशपुर जिले के पत्थलगांव दीवानपुर निवासी 28 वर्षीय सावन कुमार आ.नेहरू लाल व 35 वर्षीय अमर सिंह आ. अब्बू चंद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना दिवस की रात 9 बजे वर सुर बाईपास रोड़ से जा रहे थे इसी दौरान उन्हें घर के सामने बाइक सुनसान जगह पर नजर आई। आरोपियों ने बाइक की चोरी कर ली और फिर बाइक का पेट्रोल खत्म होने पर उसे उलकिया रोड़ किनारे झाड़ी में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद कर उन्हें बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना सीतापुर से उप निरीक्षक रघुराम भगत, सउनि रामकरण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक नेतराम पैकरा, आरक्षक धनकेश्वर यादव, बुद्ध कुमार, सैनिक विनायक लकड़ा सक्रिय रहे।

### एनएच एवं राजस्व अधिकारियों के लिखित आश्वासन पर माने ग्रामीण

# कालीघाट की सड़क मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


विरोध प्रदर्शन करते लोग।

**खास बात**
- जर्जर सड़क से आय दिन होती है दुर्घटनाएं

संभाग मुख्यालय अंबिकापुर से लगे ग्राम अजिरमा में एनएच 43 किनारे स्थित कालीघाट मंदिर के पास चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम में अधूरे सड़क निर्माण से होने वाली परेशानी को लेकर आज शनिवार को क्षेत्रीय ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन पर चक्काजाम को स्थगित कर दिया है। अधिकारियों द्वारा लिखित में 24 घंटे के भीतर निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य को शुरू कराए जाने का भरोसा दिया गया है।

गौरतलब है कि संभाग मुख्यालय से लगे ग्राम अजीरमा में एनएच 43 किनारे स्थित कालीघाट मंदिर के पास चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम में अधूरे सड़क निर्माण से होने वाली परेशानी के मद्देनजर युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने पिछले दिनों 17 मार्च को सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन देकर अत्यंत धीमी गति से चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के सड़क चौड़ीकरण कार्य को जल्द ही पूर्ण कराए जाने की मांग की थी। साथ ही मांग पूर्ण नहीं होने 28 मार्च को पुनः सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन देकर मंदिर के पास चक्काजाम किए जाने की बात कही गई थी। इसी तारतम्य में शनिवार को युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा कालीघाट मंदिर के पास एकत्र होकर चक्काजाम करने जैसे ही सड़क पर बैठे, तभी अधिकारियों द्वारा चर्चा कर ग्रामीणों को उठा दिया गया। अधिकारियों द्वारा यहां पर लिखित में आश्वासन दिया गया है कि 24 घंटे के अंदर मंदिर के पास का सड़क निर्माण कार्य हेतु मरम्मत करा दिया जाएगा, जिससे चैत्र नवरात्रि में यहां पर लगने वाले मेला व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आमजन को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो सकेगी। युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां कालीघाट मंदिर के पास चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम 30 मार्च से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल में एनएच 43 का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है, जिसमें पूर्व की सड़क को पूरी तरह से उखाड़ दिया गया है।इस वजह से धूल के उड़ते गुब्बारे मंदिर के भीतर तक आ रहे हैं। साथ ही यहां पर प्रतिवर्ष मंदिर तथा मंदिर के चारो तरफ़ पेंट व पुताई का कार्य किया जाता है, लेकिन जर्जर सड़क के कारण कार्यक्रम आयोजित करने में काफी हो रही है। यहां पर कार्यक्रम में मेला का आयोजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति होती है। इसी वजह से आज शनिवार को उक्त आंदोलन की पहल की गई। चक्काजाम के दौरान अंबिकापुर तहसीलदार जयेश कुमार, एनएच एसडीओ श्री टोप्पो, सब इंजीनियर रितेश सिंह, गांधीनगर थाना प्रभारी श्री देशमुख, सुरजपुर एसडीओपी अभिषेक पैकरा, लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, जयनगर थाना से उपनिरीक्षक सोहन सिंह, पार्वती टोप्पो, पटवारी रमेश टेकाम के अलावा कांग्रेसी नेता विनय गुप्ता, तपन सिकदार, अभय लकड़ा, राजेश राय, भीमा सिंह, अभय खत्री व अन्य उपस्थित थे।

### शक्कर कारखाना निजीकरण के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन

**प्रतापपुर**। शक्कर कारखाने के निजीकरण के विरोध में आज कांग्रेस ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने निजीकरण के दुष्प्रभावों पर चर्चा की और सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। धरने में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस. सिंहदेव, डॉ. प्रेमसाय सिंह, शिव भजन मरावी, विद्यासागर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने बारी-बारी से संबोधन दिया और आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी। धरना प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा।





### मुस्लिम समाज द्वारा जमा मस्जिद में पढ़ी गई तरावीह और अलविदा जुमा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

जामा मस्जिद में रमजान के पवित्र माह के अवसर पर तरावीह की नमाज पढाई गई। जामा मस्जिद में हाफिज महताब आलम द्वारा समाज के लोगों को तरावीह की नमाज पढाई गई। इसके साथ ही अलविदा जुमा के अवसर पर जुमे की नमाज पेश इमाम मुफ्ती खालीदून कादरी द्वारा पढाई गई।

इस दौरान समाज के लोगों ने देश में अमन चैन व शांति की दुआ मांगी। अंजुमन गौसिया कमेटी ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह में 9 बजे पढ़ी जाएगी। अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर हाजी क्यामुद्दीन, कमेटी के पदाधिकारी समीम खान, आसिफ नूर द्वारा खत्म तरावीह होने के बाद मिलाद का प्रोग्राम रखा गया था। मिलाद शरीफ के बाद तरावीह पढ़ने वाले हाफिज महताब आलम को अंजुमन गौसिया कमेटी द्वारा 1 लाख 786 नजराना के रूप में दिया गया। इस दौरान मौलाना हसन रजा, हाजी इदरीश, नूर मोहम्मद, साबिर अंसारी, जमील अंसारी, समीम खान बल्लू गौहर अली, उमर नूरानी, मतीन अख्तर, इनायत अंसारी, शाहबाज खान, महफूज हैदर, शमशेर खान सहित अन्य मौजूद थे।

### कुदरगढ़ देवी दर्शनार्थियों के लिए भंडारा आज से

**बिश्रामपुर**। रविवार 30 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम धुर में तत्पर सेवा समिति के द्वारा कुदरगढ़ के मां बागेश्वरी के दर्शनार्थियों भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।तत्पर सेवा समिति के भोला महराज ने बताया कि रविवार एकम तिथि से नवमी तक श्रद्धालुओं के लिए भंडारा व जलपान की व्यवस्था समिति के तत्वाधान में की गई है।उन्होंने भक्तों से प्रसाद ग्रहण करने कार्यक्रम स्थल पहुंचने की अपील की है।

## ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का मिले मुआवजा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संभागीय महासचिव चंद्रदीप कोरचो ने बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान को लेकर सरगुजा संभाग के सभी कलेक्टरों के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि सरगुजा संभाग में दो-तीन दिन लगातार आंधी-तूफान के साथ ओले गिरे हैं, जिससे गेहूं, चना, सरसों एवं सब्जियों की फसल को नुकसान हुआ है जिससे किसान मायूस हैं। ओलावृष्टि से आम, महुआ की फसल को भी नुकसान हुआ है। खेतों में तैयार फसल चौपट होने से किसानों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। अब तक शासन-प्रशासन ने मामले में संज्ञान नहीं लिया है। जिन क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई वहां जिला प्रशासन जांच उपरांत फसल क्षति का किसानों को मुआवजा भुगतान करें। इस दौरान अजय पोया, राजेन्द्र जगते सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
- जटिल अस्थमा (दमा)
- टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
- गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
- बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
- छाती में भारीपन और सांस फूलना
- छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
- छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
- खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
- बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
- खांसी में खून आना

## हिन्दू नववर्ष पर कोयलांचल में निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा 2082 के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू संगठनों के द्वारा अपना 11 वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति संभाग सरगुजा जिला सूरजपुर के तत्वाधान में सभी हिंदू समाज एवं संगठनों द्वारा आज 30 मार्च को बिश्रामपुर से सूरजपुर तक प्रभु श्री राम जी की विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा में कोयलांचल समेत आसपास क्षेत्र के अलावा संभाग भर से बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल होंगे।शोभायात्रा के पूर्व नगर के अय्यप्पा मैदान में सनातन भक्त एकत्रित होकर धर्म सभा में विभिन्न वक्ताओं को सुनेंगे। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में परमात्मानंद जी महाराज पीठाधीश्वर परम शांति धाम सदस्य गोरखपुर, केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल विश्व हिंदू परिषद मां ऋतंभरा के गुरु भाई एवं राजकुमार चंद्र धर्म जागरण प्रांत प्रमुख केंद्र राम मंदिर रायपुर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी कड़ी में रुद्र सेवा के बालक संगीतमय हनुमान चालीसा एवं आरती करेंगे। श्री जगन्नाथ हायर सेकेंडरी स्कूल दमोह धारा शक्ति जिले के आर्य गुरुकुल से आए बालकों द्वारा अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अतिथियों के स्वागत में शौर्य प्रदर्शन किया जाएगा। हिंदू नव वर्ष के इस वृहद कार्यक्रम में शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत, पुष्प वर्षा सभी मंदिर समितियों एवं दुर्गा पंडाल के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में जिला मुख्यालय सूरजपुर कोतवाली थाना के सामने सीजी 29 प्योर वेज ढाबा की तरफ़ से बाहर से आए संगीत कलाकारों द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हिंदू संगठनों द्वारा श्री राम भक्तों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में घरों में दीप एवं ध्वज लगाकर कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन
डॉ. अभिजीत कुमार
MD, DM (Neurogist)
रायपुर के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
M.D., DM (CARDIOLOGIST)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमित जैन
MS, MCH (Neurosurgery) Brain And Spine Surgeon
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ.ग. के विख्यात पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरूण अय्यर
MBBS, MD , DM Gastroenterology
30 मार्च 2025 प्रत्येक माह के पांचवा रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धन्जल कॉम्प्लेक्स, रिंग रोड, अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP-5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
Interventional Pain Physician Trained in Advance Pain management Procedure from Balaji Action Hospital Delhi, Daradia Pain Management Centre Kolkata
98277 31775, 8269905199
बिना ऑपरेशन के पीठ दर्द, कमर दर्द, सियाटिका, गर्दन दर्द एवं अन्य दर्द का इलाज वर्तमान में प्रचलित पद्धति एवं आधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
गर्दन दर्द, कन्धे का दर्द, कमरदर्द, स्लिप डिस्क एवं साइटिका, ट्रायजेमिनल- न्यूरालजिया, पसलियों का दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द/कैंसर संबंधी दर्द (Chronic Pain), किसी भी प्रकार का तीन महीने से पुराना दर्द जो कि दवाईयों या फिजियोथेरेपी से ठीक नहीं हो पाता है उसका इलाज पैन मैनेजमेंट पद्धति द्वारा किया जाता है।
Endoscopic Discectomy / Disc FX Procedure- सुईनुमा उपकरण/दूरबीन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना
Ozone Therapy- स्लिप डिस्क/साईटिका का ओजोन द्वारा इलाज
PRP (Platelet Rich Plasma) Therapy (Regeneration Therapy)- जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द Planter Fascitis एवं अन्य प्रकार के Tendinopathies
Radiofrequency Ablation (RFA)- दर्द की नसों को पहचान कर उसका इलाज
म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ. बी. मिंज अब सिटी हॉस्पीटल अम्बिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार (अगले माह 13 अप्रैल 2025) को उपलब्ध रहेंगे
समय : सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
8770826055, 7987664630

सरगुजा मार्केट

## फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में एक और एफआईआर

**अंबिकापुर**। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में एक और एफआईआर दर्ज की गई है। नगर निगम की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

- नगर निगम ने जांच के बाद दर्ज कराई रिपोर्ट

बता दें कि सरगुजा जिले में च्वाइस सेंटरों द्वारा ऑनलाइन फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का खुलासा हुआ था। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के गिरोह द्वारा बड़ी सफाई से जन्म प्रमाण पत्र बनाए जा रहे थे। इस दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साथ ही नगर निगम के रजिस्ट्रार के नाम से भी फर्जी हस्ताक्षर व सील लगाकर 10 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का मामला सामने आया था। हरिभूमि द्वारा इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसके बाद नगर निगम और मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबन्धन भी हरकत में आया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान कि यह बात पुष्ट हुई कि विभिन्न च्वाईस सेंटरों द्वारा असंवैधानिक रूप से फर्जी हस्ताक्षर कर डिजिटल किया जा रहा है। प्रमाण पत्र की जांच दौरान क्यूआर कोड को स्कैन करने पर स्कैन नहीं हो रहा है एवं अपने आधिकारिक वेबसाइट में चेक करने पर उक्त दोनो प्रमाण पत्र इस कार्यालय से जारी नहीं किया गया है। इस प्रकार का कृत्य कर नगर पालिका निगम अम्बिकापुर की छवि धूमिल हो रही है। नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप के निर्देश पर उपरान्त ननि के जन्म एवं मृत्यु पंजीयक अवधेश कुमार पाण्डेय ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस में की। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 अप्रैल 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
- सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
- पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
- झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
- Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
- जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
- लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
- Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
- पेशाब में जलन।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब बार-बार होना।
- किडनी, पेशाब थैली।
- पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
- गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
- अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी, (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक 30मार्च 2025, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 अप्रैल, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331
9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

29 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 3/29/2025 10:14 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 30 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

5 खेलो इंडिया के तहत खेल मैदान विकसित करने 6 एकड़ भूमि चिन्हांकित



## खबर संक्षेप

### पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश हेतु आवेदन 10 अप्रैल से

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में शिक्षा सत्र 2025-2026 में प्रवेश हेतु आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू की जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक छात्र आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यम से 10 अप्रैल से 5 मई तक विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। सीटों से अधिक संख्या में आवेदन मिलने पर लाटरी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। एक छात्र एक विद्यालय में पढ़ने हेतु एक ही आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि महतारी दुलारी योजना के तहत कोरोना महामारी में अनाथ हुए बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी, इस हेतु आवेदन करते समय मृत्यु पालक का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही विद्यालय में अध्यनरत छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। प्रवेश के संपूर्ण प्रक्रिया नियमानुसार की जाएगी। साथ ही प्रवेश से संबंधित अन्य जानकारी हेतु विद्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। कमलेश्वरपुर निवासी जबीर खान आ. वाहिद खान (48 वर्ष) देर रात उल्टी कर रहा था। परिजन जबीर को उल्टी करते तथा कीटनाशक की गंध आने पर कीटनाशक पी लेने की आशंका पर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## गैर इमारती की आड़ में इमारती लकड़ी का हो रहा परिवहन

# बतौली जंगल में लकड़ी तस्कर सक्रिय शहरी क्षेत्रों में खपाते हैं इमारती लकड़ी



काटकर रखे गए लट्ठे।



ट्रक में लोड लकड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली क्षेत्र से कीमती इमारती लकड़ी की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा। आलम यह कि क्षेत्र के जंगलों से बड़ी संख्या में इमारती लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि घटना की जानकारी वन विभाग सहित राजस्व विभाग को नहीं है बावजूद इसके कार्रवाई के अभाव में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद हो गए है। हालांकि वन विभाग व पुलिस द्वारा पूर्व में अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की लेकिन उनके हाथ आज तक बड़े तस्कर नहीं लग सके।

**खास बात**

- गांव के लोगों को झांसे में लेकर कटवाते है पेड़

बतौली क्षेत्र स्थित जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी बदस्तूर जारी है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को कुछ घंटों में मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है। जंगल की कटाई कर कीमती लकड़ी को औने-पौने दाम पर लकड़ी तस्करों को बेच देते है। कम समय में अधिक आमदनी होने के लालच में क्षेत्र में लकड़ी तस्करों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है जो जंगल के पेड़ काट आसपास क्षेत्रों में कीमती लकड़ी खपाने में लगे हुए है। लकड़ी तस्कर के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि अधिकारियों की नाक के नीचे से इमारती लकड़ियों का अवैध परिवहन रातों रात दूसरे राज्यों में धड़ल्ले से किया जा रहा है। एक तरफ लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण से चिंतित केंद्र व राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार लोगों को जागरूक कर रही है तथा अभियान चलाकर लोगों को पौध रोपण करने के लिए प्रेरित कर रही है। वहीं दुसरी तरफ लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर निजी व शासकीय भूमि के हरे भरे पेड़ो की बलि चढ़ा रहें है। सबसे बड़ी बात यह है कि पेड़ों की सुरक्षा एवं पर्यावरण सुधारने की जिम्मेदारी निभाने वाले वन अधिकारी तस्करों से पूछताछ करने तक की जरूरत महसूस नहीं कर रहें हैं। ऐसे में क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है जो बेखौफ होकर गैर इमारती लकड़ी की आड़ में इमारती लकड़ी का परिवहन करने में लगे हुए है।

### दूसरे राज्यों में खपा रहे लकड़ी

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में हरे भरे पेड़ों को बिना अनुमति काटकर बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस व सेमर सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काटे जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन लकड़ियों के आड़ में इमारती लकड़ियों की तस्करी भी बृहद पैमाने पर हो रही है।

### ग्राम विशुनपुर अवैध लकड़ी तस्करी का बना गढ़

बतौली क्षेत्र के ग्रामीण पहाड़ी इलाकों में तस्करों की नजर बनी हुई है। तस्करों द्वारा लगातार अभियान चला कर ग्रामीणों को पैसे का लालच देकर बिना किसी शासकीय आदेश के नीलगिरी, खम्हार, सेमर और चोरी छिपे सराई के इमारती लकड़ियों की तस्करी ट्रकों में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। तस्कर द्वारा ग्राम कपाट बहरी में ग्रामीणों के पैसे भी लकड़ी लेने के बाद नहीं देते है।

### हर दिन कर रहे लकड़ी परिवहन

सुत्रो के अनुसार लकड़ी तस्कर हर दिन ट्रक से इमारती एवं गैर इमारती प्रजाति की लकड़ी को आसपास क्षेत्र के अलावा यूपी ले जाते है। वन विभाग ने लकड़ी के अवैध परिवहन पर रोक लगाने जगह-जगह जांच चौकी है। लेकिन कहीं भी अवैध लकडी परिवहन करने वाले ट्रकों की जांच नहीं होती। तस्कर विभाग की इस छूट का फायदा उठाकर राजस्व एवं वन भूमि पर लगे इमारती लकड़ी की भी कटाई व परिवहन कर रहें है।

### की जाएगी कार्रवाई

ग्राम पंचायत कपाट बहरी में अवैध लकड़ी की तस्करी की जा रही है तो तत्काल टीम भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-तारा सिदार, तहसीलदार बतौली



## केबिनेट मंत्री लक्ष्मी ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने निज निवास बीरपुर में जिले के वन विभाग, क्रेडा विभाग, विद्युत विभाग, वाइल्ड लाइफ के अधिकारियों की बैठक ली साथ ही क्षेत्र के कई विकासात्मक विषयों पर चर्चा की।

बैठक के दौरान जिले के 40 ग्राम पंचायत का जो की गैर परंपरागत से विद्युत कृत है जिसे परंपरागत विद्युतीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा ट्रांसफार्मर की समस्या लो वोल्टेज की समस्या से तत्काल निराकरण करने हेतु निर्देशित किए। तथा वन विभाग के वन मंडलाधिकारी को आगजनी से वनों की रक्षा के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी पंकज राज कमल, विद्युत विभाग से राजेश लकड़ा, एसी क्रेड़ाधिकारी यादव,वाइल्ड लाइफ से बृज भूषण केरकेटा सहित अन्य विभाग कर्मचारी मौजूद रहें।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास शेड निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**बिश्रामपुर।** ग्राम रविंद्रनगर के मिर्धा पारा में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति पर आज भूमिपूजन किया गया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के मिर्धा पारा में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा तीन लाख रुपए के शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कराई गई है। जिस पर शनिवार को सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, ग्राम की सरपंच, उपसरपंच प्रकाश मंडल की उपस्थिति में निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी के सदस्य राजू मिर्धा, सनातन विश्वास, राखल सरकार, प्रदीप सरकार, निरापद मिर्धा, पुनील विश्वास, चंदन दास, सुनील मंडल, कन्हैयालाल विश्वास, सुवेंदु चटर्जी व अन्य उपस्थित थे।









अप्रैल फूल-डे स्पेशल

कल्पना कीजिए अगर हम हंसें नहीं, कोई हमें हंसाए नहीं तो जीवन में कितनी बोझिलता, नीरसता आ जाएगी! इस नीरसता को दूर करने के लिए हजारों साल से जोक्स सुनने और सुनाने की परंपरा बरकरार है। आज के दौर में इसकी महत्ता और बढ़ गई है। अप्रैल फूल हमें अपनों के साथ ऐसे ही जोकिंग का अवसर देता है, जिसे हमें बिल्कुल मिस नहीं करना चाहिए।

कवर स्टोरी

लोकमित्र गौतम

# सुनिए-सुनाइए जोक्स लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

*डॉक्टरः चिंता मत करो, यह छोटी सी सर्जरी है, घबराने की कोई बात नहीं!*

*मरीजः लेकिन डॉक्टर, मैं तो ऑपरेशन के लिए नहीं आया था!*

*डॉक्टरः अरे हां, सॉरी! मुझे आदत हो गई है ऐसा कहने की..!*

यह जोक सरप्राइज एलिमेंट (अचानक ट्विस्ट) पर आधारित है, जो दिमाग को एक पल में चौंकाकर हंसा देता है। ऐसा होते ही अचानक पैदा हुआ तनाव गायब हो जाता है, जिससे मूड हल्का और फ्रेश महसूस होता है। कुछ सेकेंड्स का एक जोक या चुटकुला हमें पलभर में तरोताजा कर देता है, क्योंकि जोक्स का प्रभाव हमारे दिमाग और शरीर दोनों पर पड़ता है। जब हम हंसते हैं, तो हमारा मस्तिष्क एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) छोड़ता है, जिससे तनाव कम होता है और हम रिलैक्स महसूस करते हैं। इसके अलावा, हंसी से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, मांसपेशियों में आराम आता है और मूड फ्रेश हो जाता है। शायद इसी की महत्ता को समझते हुए अप्रैल फूल-डे जैसे आयोजनों की शुरुआत हुई।

**हजारों साल पुरानी परंपराः** दुनिया में जोक्स और हास्य की परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना पुराना खुद इंसान है, इंसानी सभ्यता है। सबसे पुराने दर्ज जोक्स लगभग 4000 साल पुराने हैं। दुनिया के सबसे पुराने दर्ज जोक्स प्राचीन मेसोपोटामिया (1900 ईसा पूर्व) के हैं। प्राचीन मिस्र (1600 ईसा पूर्व) की सभ्यता में फिरौन के दरबारों में भी जोक्स सुनाए जाते थे। एक मशहूर चुटकुला इस तरह है- 'एक फिरौन अपनी नाव में यात्रा कर रहा था। एक भविष्यवक्ता ने कहा कि वह बहुत लंबी उम्र जिएगा। फिरौन ने पूछा-क्या मैं 100 साल जिऊंगा? भविष्यवक्ता बोला-हां। फिरौन ने पूछा-क्या मैं 200 साल जिऊंगा? भविष्यवक्ता बोला-बिल्कुल! फिरौन खुश हुआ और कहा-तो मैं अमर हूं! भविष्यवक्ता ने कहा-नहीं, लेकिन जब तक तुम मुझसे सवाल पूछते रहोगे, तब तक मैं हां कहता रहूंगा!'

वास्तव में यह राजाओं की चापलूसी और भविष्यवाणियों का मजाक उड़ाने का तरीका था। ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू ने भी हास्य को जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देखा है। प्राचीन एथेंस में एक जोकर क्लब था, जिसके दर्जनों जोक्स आज भी मिलते हैं, मसलन- 'एक आदमी डॉक्टर के पास गया और कहा- जब मैं आंखें खोलता हूं, तो मुझे कुछ नहीं दिखता! डॉक्टर बोला- तो आंखें बंद करके देखो!'

**भारतीय इतिहास में भी है जिक्रः** मिस्र और एथेंस की तरह प्राचीन भारत में भी संस्कृत साहित्य (नाट्यशास्त्र, पंचतंत्र, हितोपदेश, विदूषक पात्र) में हास्य व्यंग्य का भरपूर जिक्र मिलता है। पंचतंत्र की कहानियों में चतुराई भरे जोक्स और व्यंग्य हैं। भारतीय इतिहास में राजाओं के दरबारों में विद्वान विदूषकों जैसे तेनालीराम और बीरबल की भी मौजूदगी रही है, जो अपने बुद्धि-कौशल से सिर्फ दरबार का माहौल ही बोझिल होने से नहीं बचाते थे बल्कि हतप्रभ करने वाली चतुराई भरी बातें करके राजा सहित दरबारियों को हैरान कर देते थे, जिससे सभी तरोताजा महसूस करते थे।

**नए दौर में जोक्स का जलवाः** जोक्स का आधुनिक और व्यापक दौर 18वीं-19वीं शताब्दी में अखबारों और किताबों में जोक्स छपने से शुरू हुआ। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध तक रेडियो, टीवी के कॉमेडी शो और स्टैंड-अप कॉमेडी से जोक्स हर जगह और अधिकतर लोगों तक पहुंचने लगे। इस 21वीं शताब्दी में इंटरनेट, सोशल मीडिया और मीम्स के रूप में जोक्स का जलवा हम सब देखते हैं। वास्तव में जोक्स का सबसे तेज और वैरायटी से भरा विकास इसी दौर में हो रहा है।

**इसलिए जरूरी हैं जोक्सः** सवाल है हर सभ्यता में, हर दौर में यानी जीवन में हमेशा जोक्स क्यों जरूरी माने जाते रहे हैं? जवाब है- जोक्स केवल हंसाने भर के लिए नहीं होते, बल्कि ये मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संबंध और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये हमारे तनाव को कम करते हैं, हमें हंसाते हैं और हंसने से शरीर में एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) का स्तर बढ़ता है, जो तनाव और दर्द दोनों को गायब करने में मदद करता है। चुटकुलों या जोक्स से इंसान को मनोवैज्ञानिक सुरक्षा मिलती है, क्योंकि कठिन परिस्थितियों में हास्य एक सुरक्षातंत्र की तरह काम करता है, जिससे व्यक्ति समस्याओं को हल्के-फुल्के तरीके से देख पाता है। साथ ही जोक्स हमें सामाजिक रूप से लोगों के साथ जोड़ता है। जोक्स साझा करने से लोगों के बीच नजदीकी बढ़ती है और यह सोशल बॉन्डिंग को मजबूत करता है। साथ ही जोक्स से हमारी क्रिएटिविटी बढ़ती है। हास्य हमें चीजों को नए नजरिए से देखने और समस्याओं का हल अनोखे तरीके से निकालने में मदद करता है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि आधुनिक तनाव भरी जीवनशैली में जोक्स और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं, क्योंकि आज अधिकांश लोग काम के दबाव, सोशल मीडिया, आर्थिक चिंताओं और रिश्तों की उलझनों से घिरे रहते हैं। ऐसे में हास्य और जोक्स बेहद जरूरी हो गए हैं। *

## जोक्स सुनाने वाले होते हैं ज्यादा स्मार्ट

**ऐसा देखा** गया है कि सामान्य तौर पर, अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता (आईक्यू) और भावनात्मक समझ (ईक्यू) दोनों के बेहतर होने का सबूत होता है। क्योंकि जोक्स बनाने और सुनाने के लिए तेज दिमाग और सोचने की त्वरित क्षमता यानी 'क्विक विट' की जरूरत होती है। यही नहीं मजेदार लोग आमतौर पर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स और लोगों को बेहतर पढ़ने और समझने की क्षमता रखते हैं। ऐसे लोग चीजों को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखने में सक्षम होते हैं, जिससे वे मुश्किल परिस्थितियों से आसानी से निपट लेते हैं। इसलिए, जोक्स और हास्य में रुचि रखने वाले लोग अकसर ज्यादा स्मार्ट होते हैं। कई शोधों में पाया गया है कि महिलाएं मजाकिया और हंसाने वाले पुरुषों की तरफ अधिक आकर्षित होती हैं। जो लोग मजाकिया होते हैं, वे आमतौर पर आत्मविश्वासी होते हैं और पुरुषों का आत्मविश्वास महिलाओं को हमेशा आकर्षित करता है। मजाकिया लोग अकसर दूसरों के साथ घुल-मिल भी बहुत जल्दी जाते हैं, जिससे वे ज्यादा सामाजिक दिखते हैं।

अप्रैल फूल डे यानी मूर्ख दिवस आज भले ही दुनिया भर में लोग मनाते हैं। लेकिन इसकी शुरुआत को लेकर अनेक तरह की मान्यताएं और किंवदंतियां प्रचलित हैं। अप्रैल फूल डे के इतिहास और इससे जुड़े तथ्यों पर एक नजर।

# दिलचस्प-विविधतापूर्ण अप्रैल फूल का इतिहास



परंपरा

अंजू जैन

अप्रैल फूल के दिन यानी पहली अप्रैल को झूठी बातों से मूर्ख बनाने या मजाक करने का सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। हालांकि इस दिवस की वास्तविक शुरुआत अज्ञात है, लेकिन इसकी शुरुआत को लेकर तरह-तरह के दिलचस्प और रहस्यमय किस्से प्रचलित हैं।

### हास्य कथा से शुरुआत

अप्रैल फूल से जुड़ी एक मान्यता है कि इसकी शुरुआत 16वीं शताब्दी में फ्रांस में हुई थी। अप्रैल फूल दिवस पर सबसे पहला प्रैंक 1 अप्रैल 1698 को खेला गया था। यह मजाक लंदन के एक समाचार पत्र में प्रकाशित हास्य खबर थी। इसमें मजाकिया अंदाज में लिखा गया था कि दिन के समय चंद्रमा पृथ्वी से दिखाई दिया था।

### मध्यकाल के हिलारिया से शुरुआत

कुछ इतिहासकारों ने अप्रैल फूल डे को प्राचीन रोमन उत्सव हिलारिया से जोड़ा है। देवताओं की माता साइबेले के सम्मान में 25 मार्च को मनाया जाने वाला यह उत्सव लोगों को भेष बदलने के लिए प्रेरित करता था। यह खेल और शरारतों का दिन माना जाता था। लोग तरह-तरह की अनूठी वेशभूषा पहन कर एक-दूसरे के साथ मजाक करते थे। वर्ष का पहला दिन यानी उत्सव का दिन, जो रात से अधिक लंबा था और इसे एक नए, बेहतर मौसम और उदास सर्दियों के अंत का जश्न मनाने में बिताया गया था। हिलारिया के दौरान कई प्रकार के खेल और मस्ती मनोरंजन किए जाते थे। इसमें छद्म वेश धारण कर लोग अपनी पसंद के किसी भी व्यक्ति की नकल करते थे।

### कैलेंडर बदलाव के साथ शुरुआत

एक लोकप्रिय मान्यता यह है कि इसकी शुरुआत 1582 में हुई। उस समय फ्रांस ने जूलियन से बदल कर



ग्रेगोरियन कैलेंडर शुरू किया था। इस बदलाव से पहले, लोग अप्रैल में नया साल मनाते थे। जब तारीख 1 जनवरी को बदल दी गई, तो भी अज्ञानतावश कुछ लोगों ने इसे मार्च के अंत में मनाना जारी रखा और मजाक का पात्र बन गए और उन्हें 'अप्रैल फूल' कहा गया। *

## कुछ दिलचस्प तथ्य-मान्यताएं

**मूर्ख दिवस** की शुरुआत को लेकर कुछ और मान्यताएं भी प्रचलित हैं।

- ईरान में अप्रैल फूल दिवस, फारसी नववर्ष के 13वें दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर 1 अप्रैल के आस-पास होता है।
- अमेरिकी कार्टूनिस्ट चार्ल्स शुल्ज द्वारा बनाई गई प्रसिद्ध कॉमिक स्ट्रिप 'पीनट्स' में अप्रैल फूल नामक एक पात्र था, जो अपने दोस्तों के साथ शरारतें करता था।
- मध्ययुगीन यूरोप में 'मूर्खों का पर्व' मनाया जाता था, जो मजाक का दिन था। वहां लोग एक नकली बिशप या पोप का चुनाव करते थे और मजाक में शामिल होते थे। कुछ हद तक, अप्रैल फूल दिवस को सर्दियों के अंत और वसंत की शुरुआत को चिन्हित करने वाले त्योहारों से जोड़ा जा सकता है।
- इंग्लिश लेखक और कवि जेफ्री चौसर की द कैंटरबरी टेल्स (1392) में 1 अप्रैल और मूर्खता के बीच पहली बार कनेक्शन दर्ज किया गया था। 'द नंस प्रीस्ट्स टेल' नामक कथा में चैंटिकलर का वर्णन है, जो एक घमंडी मुर्गा है, जिसे एक चालाक लोमड़ी द्वारा धोखा दिया जाता है।
- स्कॉटलैंड में अप्रैल फूल दिवस को पारंपरिक रूप से 'हंटिगॉक डे' कहा जाता था, जो 'हंट द गॉक' से निकला है, 'गॉक' शब्द स्कॉटिश भाषा में कोयल या मूर्ख व्यक्ति के लिए इस्तेमाल होता है। यह स्कॉटिश परंपरा दो दिवसीय कार्यक्रम बन गई, जिसमें लोगों को नकली कामों (हंकटिंग द गॉक) पर भेजा जाता था, उसके बाद टेल डे मनाया जाता था, जिसमें लोगों की पीठ पर नकली पूंछ या 'मुझे लात मारो' के चिन्ह लगाने जैसे मजाक करना शामिल था।




कवि जेफ्री चौसर

एंज्वॉयमेंट

शिखर चंद जैन

अप्रैल फूल डे पर हम सब एक-दूसरे के साथ प्रैंक करते हैं, मजा लेते हैं। यहां आपको कुछ ऐसे प्रैंक्स के बारे में बता रहे हैं, जो मशहूर कंपनियों ने बड़े स्तर पर लोगों से किए।

# अप्रैल फूल के मजेदार-अनूठे प्रैंक





पहली अप्रैल को मित्र मंडली में एक-दूसरे से हंसी-मजाक करने और मूर्ख बनाने की परिपाटी दशकों से है। लेकिन इस मजाक मस्ती में बड़ी-बड़ी कंपनियां, सर्च इंजन और सेलिब्रिटीज भी पीछे नहीं हैं। इनमें से कुछ के बारे में आप भी जानिए।

**अमेजन का पेटलेक्साः** वर्ष 2017 में, अमेजन ने एलेक्सा की तर्ज पर पालतू जानवरों के लिए एक वॉयस असिस्टेंट, पेटलेक्सा की घोषणा की। इस मजेदार वीडियो में कुत्तों और बिल्लियों को अमेजन इको डिवाइस के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया था। इसमें पालतू जानवरों के लिए ट्रीट ऑर्डर करना, उनके लिए संगीत बजाना और यहां तक कि उनके भौंकने को मानवीय भाषा में अनुवाद करना भी शामिल था। पालतू जानवरों के मालिक इस नए आईडिया से हैरान हुए लेकिन यह सिर्फ एक मजाक था।


**वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस का डॉग क्रू प्रैंकः** वर्ष 2017 में वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस ने अप्रैल फूल के दिन अपने यात्रियों के बीच समाचार फैलाया कि अब उन्हें दुनिया की पहली डॉग इनफ्लाइट क्रू मेंबर टीम मिलेगी। इसमें वे अपने कुत्ते के साथ गलियारे में टहलते हुए, समय बिताने के लिए प्यारे कुत्तों को गले लगाने तक, डॉग क्रू की नई सेवाएं ले सकते हैं। बाद में लोगों को असलियत का पता चला तो उन्हें अपने आप पर खूब हंसी आई।

**गूगल का 'माइक ड्रॉप' ई-मेल बटनः** गूगल ने वर्ष 2016 में अप्रैल फूल बनाने के लिए जी-मेल में 'माइक ड्रॉप' बटन पेश किया, जिससे इसके यूजर माइक्रोफोन गिराने का जीआईएफ वाला ई-मेल भेज सकते थे। दुर्भाग्य से, इससे काफी गड़बड़ियां हो गईं। गलत मैसेज जाने पर कुछ लोगों की तो नौकरियां चली गईं। गूगल को माफी मांगते हुए तुरंत इसे बंद करना पड़ा।



**कांच के बॉटम वाला हवाई जहाजः** एक बार वर्जिन अटलांटिक एयर लाइंस ने अफवाह फैला दी कि इसके पास अब ग्लास-बॉटम वाले यानी पारदर्शी तल वाले विमान भी हैं। उन्होंने 'दुनिया के पहले ग्लास-बॉटम वाले विमान' के समाचारों के साथ सुर्खियां बटोरीं। नए विमान की तस्वीरें खूब प्रसारित की गईं। उनके इस मजाक पर लोगों ने यकीन भी कर लिया।

**टैको लिबर्टी बेलः** वर्ष 1996 से अब तक के सबसे बेहतरीन अप्रैल फूल मजाक में शामिल इस शिगूफे में टैको बेल नामक कंपनी ने अखबारों में विज्ञापन देकर कहा कि उसने ऐतिहासिक और नेशनल आइकन लिबर्टी बेल को खरीद लिया है। यह इतना गंभीर और वास्तविक मजाक था कि कुछ सीनेटर भी इस मजाक में फंस गए। बाद में नेशनल पार्क सर्विस ने इस खबर का खंडन करने के लिए एक प्रेस कांफ्रेंस भी की। दोपहर में, फास्ट-फूड चेन ने मजाक को स्वीकार किया और कहा कि वह इस ऐतिहासिक घंटी की देखभाल के लिए 50,000 डॉलर का दान कर रही है।



**हवाई अड्डे पर कर दिया कंफ्यूजः** वर्ष 1992 में लॉस एंजिल्स हवाई अड्डे पर विमान यात्री ज्यों ही उतरे, वे एक बैनर देखकर चकरा गए कि उन्होंने तो लॉस एंजिल्स की फ्लाइट पकड़ी थी फिर पायलट उन्हें शिकागो कैसे ले आया? इस बैनर पर लिखा था, शिकागो में आपका स्वागत है। यह 85 फीट लंबा पीला बैनर था, जिस पर 20 फीट लंबे लाल अक्षरों में ऐसी घोषणा थी। यह बैनर हॉलीवुड पार्क रेस ट्रैक के ठीक ऊपर लटका हुआ था और आने वाले प्रत्येक यात्री को दिखाई दे रहा था। लेकिन जल्द ही वास्तविक स्थिति सबको बता दी गई।

**बीएमडब्ल्यू की सेल्फ-क्लीनिंग कारः** 2019 में कार कंपनी बीएमडब्ल्यू ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि उन्होंने एक सेल्फ-क्लीनिंग कार विकसित की है। वीडियो में एक कार को ब्रश और पानी के जेट से खुद ही साफ होते हुए दिखाया गया था। वास्तव में यह एक बड़ा प्रैंक था। *



व्यंग्य कविता

हरीश कुमार 'अमित'

## करते रहते घोटाले

करते रहते घोटाले
कितने हिम्मत वाले हैं।
इनके सारे ही 'करतब',
बिल्कुल तवे-से काले हैं।
पुलिस का इनको खौफ नहीं,
नेताजी इनके साले हैं।
यार-दोस्त इनके सारे,
चक्कू-पिस्टल वाले हैं।

एक नहीं, कई दर्जन,
गुर्गे इन्होंने पाले हैं।
इनसे पंगा मत लेना,
नहीं बख्शने वाले हैं।
ब्लैकमनी को कर दें 'व्हाइट',
इनके खेल निराले हैं।
ये छोटे पैग दूर हटाओ,
ये पीते पटियाले हैं।

स्मरण

चंद्रप्रकाश

अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवसः 2 अप्रैल, विशेष

एक से बढ़कर एक शानदार परीकथाओं के लेखक हैंस क्रिश्चियन एंडरसन के जन्मदिन (2 अप्रैल) को अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर उनके रचनात्मक अवदान पर एक दृष्टि।

# परीकथाओं का महान चितेरा हैंस क्रिश्चियन एंडरसन



आगामी 2 अप्रैल को हैंस क्रिश्चियन एंडरसन (1805-1875) का जन्मदिन है। वह एक महान किस्सागो थे, जिन्होंने अपने जीवन में अनेक पुस्तकें लिखीं। लेकिन दुनिया भर में उन्हें उनकी लिखी हुई बच्चों की परीकथाओं की वजह से ज्यादा जाना जाता है। उनकी लिखी एक सौ छप्पन परीकथाएं, नौ किताबों में संकलित हैं। इनके दुनिया भर में एक सौ साठ से अधिक भाषाओं में अनुवाद हुए हैं। कुछ देशों में तो उनकी कहानियां स्कूलों में पाठ के रूप में पढ़ाई भी जाती हैं। ये कहानियां, बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर वर्ग के बीच पढ़ी और सराही जाती हैं। यह अपनी तरह की बड़ी मिसाल है। बेशक इस काम में डिज्नी की एनिमेटेड फिल्मों ने भी अपना एक बड़ा योगदान दिया है।

**एंडरसन का रचना संसारः** एंडरसन का जन्म डेनमार्क में कोपेनहेगन के नजदीक ओडेंस नामक स्थान में हुआ था। गरीब और पिछड़े घर में जन्म लेने के कारण इन्हें जीवन भर संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने शुरू में कुछ नाटक लिखे फिर कुछ आत्म-कथात्मक उपन्यास। उनकी पहली कहानियों की किताब 'बच्चों के लिए कहानियां' साल 1835 में छपकर आई। इसमें एंडरसन ने एक साथ नौ परीकथाएं संकलित की थीं। उनका कहानियां लिखने का यह काम आगे भी लगातार जारी रहा। एंडरसन का कहानी कहने का तरीका काफी अलग और अनोखा था। वे अपनी कल्पना की ताकत के साथ लोक-कथाओं की सरलता भी पिरो देते थे। इससे उनकी ये कहानियां अपने में विभिन्न संस्कृतियों की बातें भी कहती दिखती थीं। इस विषेषता के कारण उनका नाम यूरोप समेत पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो गया।



हैंस क्रिश्चियन एंडरसन

**जीवन में किया भरपूर संघर्षः** एंडरसन महान लेखक थे, लेकिन उनके जीवन में भी कम संघर्ष नहीं थे। एंडरसन बड़े हिम्मती और जुझारू थे। वे अपने अकेलेपन और दुख को बड़ी कुशलता से अपनी कहानियों का हिस्सा बना देते थे। उनकी यह सजगता उनकी लिखी कहानियों को सुंदर बनाती है। उनकी यह विशेषता, एंडरसन के जीवन की घटनाओं और उनकी बहुत सी रचनाओं पर शोध करने वालों ने पता लगाई है। एंडरसन की लिखी बहुत सी कहानियां उनके बाद के बहुत से लेखकों की प्रेरणा बनीं। उन्होंने भी इनका मर्म अपनी तरह से समझते हुए कई अनोखी रचनाएं की हैं।

एंडरसन की कुछ खूबियां और भी थीं, जिससे वे गजब के कलाकार भी माने जाते थे। वे अपने शुरू के दिनों से नाटकों की दुनिया से जुड़े थे। इसके अलावा कलम और ब्रश की मदद से स्याही के चित्र भी बना लेते थे। कागज की कतरनें चिपका कर कोलाज बनाना भी उन्हें पसंद था। इसके अलावा वे अनोखे किस्सागो थे। जो बच्चों के बीच अकसर किस्से सुनाते हुए बातों-बातों में कैंची से किसी कागज को काटकर तरह-तरह की आकृतियां बना देते थे। अंग्रेजी में इस तरीके से बनी आकृतियों को 'सिल्हूट' कहा जाता है। कुछ साल पहले जर्मनी के ब्रेमेन शहर में एंडरसन के ऐसे ही बहुत से तरह-तरह के चित्रों को जुटाकर एक बड़ी प्रदर्शनी में दिखाया गया था।

**संजोई गई हैं उनकी स्मृतियांः** आज भी एंडरसन की याद और सम्मान में दुनिया के कोने-कोने में तरह-तरह की बहुत सी गतिविधियां होती रहती हैं। इनमें उन पर डाक-टिकट निकालने से लेकर किसी अवसर-विशेष पर प्रदर्शनियां लगाने और जगहों के नाम रखने की बातें भी शामिल हैं। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# टाइट है हिंदी मीडियम

प्रभात रंजन जिस भी विधा में लिखते हैं, अपने अलहदा अंदाज में लिखते हैं। हाल में ही उनकी लिखी एक किताब आई है- हिंदी मीडियम टाइट। इसे किसी एक विधा में बांधकर नहीं देखा जा सकता है। इसे पढ़ते हुए संस्मरण, रेखाचित्र और व्यंग्य शैली में लिखे गए आत्मकथात्मक उपन्यास का आनंद एक साथ लिया जा सकता है। इसमें प्रभात ने दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज में बिताए अपने छात्र जीवन की उन स्मृतियों को संजोया है, जिससे उस दौर में हिंदी पढ़ने और पढ़ाने वालों की हीन भावना प्रकट होती है। कहना चाहिए कि इसके बहाने लेखक ने उस सामाजिक मानसिकता को भी उजागर किया है, जो एक भाषा का जानकार होते हुए भी दूसरी प्रतिष्ठित मानी जाने वाली भाषा पर कमजोर पकड़ के कारण, पूरे व्यक्तित्व को हीनता बोध से ग्रस्त कर देती है। यह किताब हिंदी प्रेमियों, हिंदी के छात्रों, हिंदी के अध्यापकों और हिंदी साहित्यकारों को ही नहीं, हर उस व्यक्ति को भी पढ़नी चाहिए, जो हिंदी को एक भाषा के रूप में नहीं देखते बल्कि पढ़े-लिखे और संभ्रांत समाज में प्रतिष्ठित होने के लिए गैरजरूरी मानते हैं। *




**पुस्तकः** हिंदी मीडियम टाइट, **लेखकः** प्रभात रंजन, **मूल्यः** 225 रुपए, **प्रकाशकः** राजपाल एंड संस, दिल्ली

चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...

Nilkamal


आपके शहर अम्बिकापुर में

# श्री राम फर्नीचर

मनेन्द्रगढ़ रोड, मारूती शोरूम के पास

## लेकर आयें है नीलकमल का भव्य शोरूम

नील कमल के संपूर्ण फर्नीचर की विशाल रेंज



नवरात्रि के शुभ अवसर पर

* सागर अलमारी की खरीदी पर 20% की विशेष छूट *

DUROFLEX के गद्दे की खरीदी पर 20% की विशेष छूट

नीलकमल का बेडरूम सेट उपलब्ध
L- कॉर्नर सोफा उपलब्ध

लग्जरी सोफा आपकी मांग एवं साईज के अनुरूप बनाने की सुविधा

मनचाहा फर्नीचर बनवायें मात्र 2-5 दिन में


Sleepwell | Sagar Furnitures | V-GUARD The name you can trust | VOLTAS | duroflex

लग्जरी सोफा एवं बेड के निर्माता एवं विक्रेता



मुकेश अग्रवाल    वैभव अग्रवाल

सभी प्रकार के कूलर की विशाल रेंज



मात्र ₹2000/- से शुरू

मो. 8839085446, 7828890598

## खबर संक्षेप



### पट्टे की भूमि के सामने भवन निर्माण से मार्ग अवरूध, तहसीलदार से शिकायत

**करवां।** पुलिस चौकी लटोरी के समीप पट्टे की भूमि के सामने निस्तार की भूमि पर शासकीय भवन बनाए जाने पर रास्ता अवरोध होने की शिकायत पीड़ित ने लटोरी तहसीलदार से की गई है। साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा उक्त निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की गई है। लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत लटोरी में पुलिस चौकी के ग्राम पंचायत कसकेला निवासी मूलधर पैकरा आ. बिगन राम कंवर की पट्टे की भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। जिस पर मूलधर पैकरा व उसके परिवार कई वर्षों से मकान बनाकर निवासरत हैं। वर्तमान समय में उसके घर के सामने शासकीय भूमि से ही निस्तारण होता है एवं आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। समीप में ही तीन एकड़ का शासकीय भूमि उपलब्ध है। निस्तार भूमि में पहले से ही एक शासकीय भवन बनाया जा चुका है एवं वर्तमान में शासकीय महतारी सदन के नाम पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। जिसके निर्माण कार्य पूर्ण होने से पीड़ित का निस्तारण पूर्ण रूप से बंद हो जाएगा। ऐसी स्थिति में पीड़ित ने लटोरी तहसीलदार को ज्ञापन सौंप तत्काल निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग की गई है।

### स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर ग्रामीणों से पैसे की अवैध उगाही



**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा में ठेकेदारों की मनमानी चरम सीमा पर है। घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम से प्रत्येक घर से 100, 50 रुपए की अवैध वसूली किया जा रहा नियम अनुसार शासन द्वारा स्मार्ट मीटर घरों में नि शुल्क लगाना है बावजूद इसके ठेकेदार और उसके कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगा कर लोगों से पैसे की अवैध उगाही कर अपनी जेबे गरम करने में लगे हुए है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगा रहे हैं कि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता रवैया के कारण ठेकेदार और उनके कर्मचारियों के हौसले बुलंद है जो मनमानी तरीके से स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर पैसों की अवैध उगाही कर रहे है। ग्रामीणों ने घटना की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से करने की बात कही है जिससे दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई हो सके।

### ननि महापौर व एमआईसी सदस्यों ने किया भूमि का चिन्हांकन

# खेलो इंडिया के तहत खेल मैदान विकसित करने 6 एकड़ भूमि चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

शहर में खेल प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा खेलो इंडिया के तहत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। नगर निगम द्वारा खेल मैदान व पार्क निर्माण हेतु 6 एकड़ भूमि का चिन्हांकन नमनाकला में किया गया है। शनिवार को नगर निगम महापौर और एमआईसी सदस्यों ने खेल मैदान हेतु स्थल का चयन करने के साथ ही भूमि के सीमांकन व अन्य प्रक्रियाओं हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**खास बात**
- हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे खोजी गई भूमि

बता दें कि भारत में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया योजना के तहत विभिन्न कार्य किए जा रहे है जिसमें खेल के मैदान की बुनियादी ढांचे का निर्माण, कम उम्र के बच्चों और युवाओं को खेलों और शारीरिक गतिविधियों में शामिल करने, खेल कोचिंग प्रदान करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उनका कौशल विकास सहित प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिताओं में बड़े पैमाने पर युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना प्रमुख है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के बेहतर क्रियान्वयन और अंबिकापुर में खेल प्रतिभाओं की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए अंबिकापुर नगर में खेल के व्यवस्थित व वृहद मैदान की अति आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से शनिवार को नगर पालिक निगम की महापौर मंजूषा भगत ने शहर के नमनाकला स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे की शासकीय भूमि का अवलोकन एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, राजस्व विभाग व नगर निगम के अमले सहित क्षेत्रवासियों के साथ किया।

निरीक्षण के दौरान यहां 6 एकड़ से अधिक की शासकीय भूमि मिली जिसके सीमांकन और रिपोर्ट हेतु महापौर मंजूषा भगत ने तत्काल प्रशासनिक अमले को निर्देशित किया ताकि उक्त भूमि का उपयोग खेलो इंडिया योजना के तहत सार्वजनिक हित में खेल के मैदान और पार्क निर्माण के रूप में किया जा सके।साथ ही महापौर मंजूषा भगत ने हाउसिंग बोर्ड के निवासियों से मिलकर वहां व्याप्त समस्याओं को देखते ही शीघ्र निराकरण करने के लिए निगम के अमले को निर्देशित किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, जितेंद्र सोनी, प्रियंका गुप्ता, पार्षद मनोज गुप्ता, अनिता रविंद्र गुप्त भारती, अभिषेक शर्मा, संजय सोनी, रश्मि जायसवाल, विकास गुप्ता सहित वार्डवासी व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



भूमि का निरीक्षण करते महापौर एवं अन्य।

# मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 9 में कनहर नदी के तट स्थित मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी में मंदिर में चैत्र नवरात्रि को लेकर तैयारियां आज अंतिम रूप दे दिया गया है। दोनों देवी स्थलों में कल से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा। यहां छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बड़ी संख्या में झारखंड से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं।

गौरतलब है कि नगर के मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी में मंदिर में वर्ष भर श्रद्धालुओं पूजा अर्चना करने पहुंचते है। वहीं चैत्र नवरात्रि एवं शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ता है। नगर के मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी में मंदिर का मनोरम दृश्य देखते बनता है एक तरफ मां महामाया मंदिर कन्हर नदी के तट पर स्थित है वहीं पहाड़ी माई मंदिर नगर के सबसे ऊंचे पहाड़ में विराजमान है। मां महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी नंदलाल पांडे ने बताया कि चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। श्रद्धालुओं द्वारा अखंड दीप प्रज्ववल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मां महामाया मंदिर को लेकर यह मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे मन से मां से जो भी मन्नत मांगते हैं वह जरूर पूरा होता है। मंदिर में छत्तीसगढ़, झारखंड,बिहार,मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु मन्नत पूर्ण होने के बाद पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। मां महामाया मंदिर 1934 में तात्कालिक सरगुजा महाराज द्वारा तात्कालिक एसडीएम की देखरेख में मां महामाया मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। जिसके बाद से ही यह आस्था के प्रमुख केंद्रों में धीरे-धीरे विकसित होता गया। यहां तीन पीढ़ियों से स्वर्गीय केदारनाथ पांडे के स्वजनों द्वारा पूजा अर्चना कराई जा रही है। नगर में स्थित पहाड़ी मंदिर में भी वर्ष भर श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचते रहते हैं। यहां पर पहाड़ी मंदिर तक जाने के लिए सीसी रोड का निर्माण नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल की पहल पर पूर्ण हो गया है। वहीं शेड निर्माण सहित श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए अन्य कार्य कराए गए हैं।

## आगजनी से 20 लाख की क्षति, आग बुझाने के प्रयास में झुलसा ग्रामीण

**रामानुजगंज।** ग्राम कनकपुर स्थित एक घर के बाहर रखे सरसों के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग घर तक पहुंच गई जिससे घर में रखे सभी सामान धू-धू करके जल खाक हो गई। सूचना पर मौके पर रामानुजगंज से फायर ब्रिगेड पहुंची परंतु आग बुझाने में घंटा लग गए। इधर ग्रामीण द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया तो वह बुरी तरीके से झुलस गया। ग्रामीण को गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया है जहां घायल का इलाज चल रहा है। आग लगने से करीब 20 लाख रुपए की क्षति बताई जा रही है। घटना की जानकारी पर जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल ग्रामीण की आर्थिक मदद की एवं डॉक्टर से चर्चा कर बेहतर इलाज के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार ग्राम कनकपुर निवासी किसान ओमप्रकाश तिवारी के घर के बाहर सरसों काटने के बाद रखा गया था। सरसों की ढेर में अचानक आग लग गई। आग को बुझाने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा प्रयास किया गया वहीं स्थानीय ग्रामीण लालू यादव उम्र 55 वर्ष द्वारा साहस का परिचय देते हुए आग बुझाने में लग गए परंतु आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग की लपटे घर तक पहुंच गई जिससे घर में रखे सामान धु धु कर जलने लगा। इधर सूचना पर फायर ब्रिगेड रामानुजगंज से बुलाया गया घंटो फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझाने के लिए मशक्कत की गई लेकिन आग पर काबू पाने में काफी समय लग गए। घटना की जानकारी लगते ही जिला पंचायत सभापति बद्री यादव, भाजपा नेता दयाल विश्वास, विक्रम गुप्ता सहित अन्य लोग पहुचे। जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव द्वारा आग में झुलसे ग्रामीणों की आर्थिक मदद की एवं डॉक्टर से बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए।



# शास्त्री वार्ड में किया गया इफ्तार पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

रमजान के अवसर पर समाज के लोग इबादत और रोजे में लीन है। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा जगह जगह इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमे समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होकर एकता की मिसाल पेश कर रहे है। इसी कड़ी में गुरुवार को 27वें रोजे के अवसर पर शहर के वार्ड क्रमांक 31 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड मायापुर में दावत ए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बडी संख्या में सभी धर्म के लोग शामिल हुए। लालबहादुर शास्त्री वार्ड में बडी संख्या में हिन्दुओं और मुस्लिम समाज के लोग मिलजुलकर रहते हैं एवं एक दूसरे के त्यौहारों में सहभागिता करते हैं। विगत कई वर्षो से इस वार्ड के युवा मिनजानिब नौजवानाने हुसैनी कमेटी के माध्यम से सर्वधर्म सद्भाव के उद्देश्य से दावत ए इफ्तार का आयोजन करते आ रहे हैं। 27 तारीख को 27वें रोजे के दिन इफ्तारी का बडा आयोजन हुआ। इसमें जेपी श्रीवास्तव, शफी अहमद, राकेश गुप्ता, एसडी दुबे, उमेश्वर दुबे, जगदीश गुप्ता, रामप्रवेश पाण्डे, विनोद जायसवाल, संजय सोनी, गुड्डू मेराज, शाहिद खान, वार्ड पार्षद कलीम अंसारी, इम्तेयाज अंसारी, सन्नउवर हुसैन, हनीफ खान, वसीम अंसारी, इमरान अंसारी सहित बडी संख्या में वार्ड क्रमांक 31 के नागरिक शरीक हुए। कार्यक्रम के आयोजन में मिनजानिब नौजवानाने हुसैनी कमेटी के सरताज अंसारी, जुनैद, दानिश, हामीद राजा, आलम, मुबारक, मेराज, सद्दाम आदि सक्रिय रहे।

- सभी धर्म समुदाय के लोग हुए शामिल




इफ्तार पार्टी में शामिल पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव एवं अन्य।

### शामिल हुए पूर्व डिप्टी सीएम

लालबहादुर शास्त्री वार्ड के पार्षद कलीम अंसारी द्वारा अलविदा जुमा के दिन आयोजित 28वें रोजा ईफ्तारी में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी को रमजान के पवित्र माह एवं ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि रोजा आत्म सुधार करता है, इससे दया और परोपकार की भावना बढ़ती है, साथ ही ईश्वर में विश्वास बढता है। आत्मशुद्धता का यह माह आखिर में खुशी का दिन ईद लाता है। वार्ड पार्षद कलीम अंसारी के यहां आयोजित इस इफ्तार में निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, मो. इस्लाम, मो सन्नउवर हुसैन, मो हनीफ खान, सलीम अंसारी सहित बडी संख्या में वार्ड वासी मौजूद थे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सौगात–ए-मोदी किट का वितरण

**अम्बिकापुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा जरूरतमंद एवं मुस्लिम महिलाओं को ईद के लिए सौगात-ए-मोदी किट बांटा गया। शहर के बरेजपारा स्थित सामुदायिक भवन में सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार सभी वर्गों के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। कांग्रेस ने हमेशा देश को गुमराह करने का काम किया है। आज देश के मुस्लिम जागरूक हो गए हैं उन्हे देश का विकास करने वाला चाहिए इसलिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। अल्पसंख्यक वर्ग के सभी लोगों तक योजनाएं पहुंचे इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। वहीं प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार मुस्लिम बहनों को बिना किसी भेदभाव के महतारी वंदन योजना का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है। अल्पसंख्यक मोर्चा के वसीम अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम में 200 महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किया गया है। जरूरतमंद महिलाओं से भी संपर्क कर उन्हें सौगात ए मोदी कीट का वितरण किया जाएगा जिससे वे अपनी ईद अच्छे से मना सकें। इस दौरान सभापति हरमिंदर सिंह, अंबिकेश केशरी, राजकुमार बंसल, विक्रम बाबरा, गुलाम नबी अंसारी, सैय्यद हामीद, पार्षद राहुल त्रिपाठी, अमानुल्लाह इराकी, हुसैन खान, डॉ.अय्यूब, रेहान आलम, तैय्यब अंसारी, उबैद, करीम खान आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## लाल विंदेश्वरी प्रताप सिंहदेव के निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**अम्बिकापुर।** क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ सदस्य लाल विंदेश्वरी प्रताप सिंहदेव के निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने शोक संवेदना व्यक्त की। इंद्रप्रस्थ गढ़ी भैयाथान स्थित उनके निवास पर उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि लाल विंदेश्वरी प्रताप सिंहदेव ने शांति निकेतन, राजकुमार कॉलेज और उदय प्रताप सिंह कॉलेज से शिक्षा ग्रहण की थी। वे कुश्ती के खिलाड़ी थे तथा प्रतिष्ठित व्यक्तियों में गिने जाते थे। वे जीवन पर्यंत हम सबके प्रेरणास्त्रोत रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

## स्टॉफ ऑफिसर सिविल एस थंगराज समेत 22 कोल अधिकारी कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** मार्च 2025 के अंतिम कार्य दिवस शनिवार 29 मार्च को एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत 22 कोल अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए हैं। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में एरिया हेड क्वार्टर से प्रमोद कुमार दास,एरिया हेड क्वार्टर में सीनियर डाटा इंट्री ऑपरेटर संजयन पणिकर,स्टॉफ ऑफिसर सिविल एस थंगराज, बिश्रामपुर आमगांव सब एरिया के मेकेनिकल फोरमैन प्रवीण कुमार सिंह, आमगांव ओसीएम के क्रेन ऑपरेटर महेन्द्र तिवारी, कुमदा सब एरिया से विमलेंदु, तुलसाय, बलरामपुर 10-12 नं. खदान से ऑफिस सुप्रिटेंडेंट बद्री मंडल, केश्वर राम, रविन्द्र नाथ, निर्भय सिंह, रामचरण, रामकुमार भगत, बालमुकुंद यादव, जनक राम खातरकर, कुमदा 7-8 न. खदान से नाथ राम, शिवनाथ, गायत्री भूमिगत खदान से तारिक लाल, बीरबल, तिल साय एवं रेहर खदान से शिवा राम, जवाहर लाल के नाम शामिल हैं।

धन्यवाद अंबिकापुर
आपके भरोसे एवं प्यार ने ही इतने कम समय में हमे No.1 बनाया

HONDA
I ♥ Jaswani Honda
Instant Cashback ₹5,100/-* *ऑफर केवल OBD-2A वाहनों पर
ANNIVERSARY CELEBRATIONS 9th ANNIVERSARY
Discount of ₹10,000/-* *ऑफर केवल OBD-2A SP160 & Shine 100 पर
51 BUMPER GIFTS स्क्रैच करें और जितें निश्चित ईनाम
रू. 10,000/-* तक का डिस्काउंट

T & C Apply
Jaswani Honda
अधिकृत विक्रेता
जसवानी होंडा
रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने, खरसिया रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
फोन : 83580-63000, 83580-64000, 83580-65000,